# दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
# गोरखपुर-273001

(नैक प्रत्यायित 'B++' श्रेणी)

*सम्बद्ध*

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ : 0551-2334549
e-mail : dnpggkp@gmail.com
: dnpgonline@gmail.com
website : www.dnpgcollege.edu.in


दिनांक 11.04.2023

## प्रकाशनार्थ

दिनांक 11.04.2023 गोरखपुर। **महाविद्यालय के प्लेसमेंट सेल एवं इनोवेशन सेल के संयुक्त तत्वाधान में कैरियर गाइडेंस प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ अविनाश श्रीवास्तव, एकेडमिक हेड, बालाजी अकादमी ने विद्यार्थियों को तकनीकी के क्षेत्र जानकारी देते हुए कहा कि** वर्तमान में ऑपरेटिंग सिस्टम्स की यदि बात की जाए तो एंड्रॉइड, आईओएस, विंडोज, ब्लैकबेरी आदि नाम ही सामने आते हैं, साथ ही एप्स भी दो तरह के ही हैं जिनमें नेटिव एप्स और मोबाइल वेब–बेस्ड एप्स शामिल हैं। आप इस क्षेत्र में आने के लिए इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी में स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर कोर्स कर सकते हैं। इसके साथ ही आपको सी, सी++, ऑब्जेक्टिव सी जैसी कम्प्यूटर लैंग्वेजेज भी आनी चाहिए। एप डेवलपर्स कोर्स में आप यूआई डिजाइन के बेसिक्स सीखते हैं। आप किसी खास ऑपरेटिंग सिस्टम के लिए एप्स डिजाइन करने से संबंधी कोर्सेज कर सकते हैं।

**डॉ श्रीवास्तव ने आगे बोलते हुए कहा कि एक एप डेवलपर, मोबाइल यूआई डिजाइनर, यूजर एक्सपीरिएंस व यूजेबिलिटी एक्सपर्ट, एप्लिकेशन डेवलपर या इंजीनियर आदि तीन प्रमुख भूमिकाएं निभाता है।** चूंकि सोशल मीडिया सहित स्मार्टफोन यूजर्स की संख्या में नियमित तौर पर उछाल आ रहा है, ऐसे में इस क्षेत्र में जबरदस्त स्कोप मौजूद है। विभिन्न सर्विस प्रोवाइडर्स और ई–कॉमर्स कंपनीज अपने एप्स के लुक्स व डिजाइन्स के अलावा उन्हें सिक्योर व अपडेट रखने के लिए प्रोफेशनल्स हायर करते हैं। आप किसी एप डेवलपर कंपनी से जुड़ने के साथ ही पर्सनल लेवल पर भी एप डिजाइनिंग कर उन्हें यूजर्स के लिए उपलब्ध करवा सकते हैं। विभिन्न ओएस और लैंग्वेजेज सीखने के साथ ही फील्ड से अपडेटेड रहने के लिए आपको नियमित अंतराल पर सर्टिफिकेट, डिप्लोमा जैसे शॉर्ट टर्म कोर्सेज करने होंगे, साथ ही मार्केट में आने वाले एप्स और उनके फीचर्स से खुद को जोड़कर रखना होगा, अन्यथा आप पिछड़ सकते हैं। इस प्रकार से आप तकनीकी के क्षेत्र निपुण होकर न केवल रोजगार प्राप्त कर सकते हैं बल्कि एंटरप्रेन्योरर भी बन सकते हैं।

**कार्यक्रम का संचालन कंप्यूटर विज्ञान विभाग प्रभारी, डॉ पवन कुमार पाण्डेय ने किया।** स्वागत श्री मुदित दुबे, असिस्टेंट प्रोफेसर, बी.सी.ए विभाग ने किया एवं आभार ज्ञापन बी.सी.ए विभाग के प्रभारी डॉ हरीशंकर गुप्ता द्वारा किया गया। इस अवसर पर इनोवेशन सेल के संयोजक डॉ शुभ्रांशु शेखर सिंह एवं अन्य सदस्य सहित कम्प्यूटर विज्ञान विभाग के 156 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।

**उक्त जानकारी सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी डॉ शैलेश कुमार सिंह ने दी।**

**डॉ. (शैलेश कुमार सिंह)**
**मीडिया, प्रभारी**